ISSN NO: 2454-5643
NIMAR EDUCATIONAL REVIEW INTERNATIONAL
VOLUME - 04 ISSUE – 4 Jan-Jun 2017

डॉ0 ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम के''शैक्षिक''व''मूल्य'' सम्बन्धी विचारों की विद्यार्थियों,अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए प्रासंगिकता''

महेन्द्र कुमार तिवारी

शोध सारांश

किसी भी व्यक्ति का व्यक्तित्व यदि प्रभावशाली है तो वह समाज के लिए रोल मॉडल बन सकता है। उस व्यक्ति के कार्य समाज के लिए अनुकरणीय बन सकते है। उसके विचारों की समाज के लोगों के लिए प्रासंगिकता होती है, खासकर विद्यार्थियों व युवाओं के लिए। ऐसे ही महान व्यक्तित्व के धनी है–''हमारे भूतपूर्व राष्ट्रपति व वैज्ञानिक ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम''। कलाम मानवतावादी है। वे किसी वर्ग जाति या सम्प्रदाय से नहीं जुड़े। वे सभी संकीणताओं से उपर हैं। डॉ0 कलाम के व्यक्तित्व व विचारों की विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए प्रासंगिकता है। उनके विचारों को आत्मसात् कर विद्यार्थी एक अच्छा इंसान, बन सकता है। अभिभावक व शिक्षक भी उनके विचारों को आत्मसात् कर एक अच्छा नागरिक बन सकते है, व अपने पाल्य या विद्यार्थी को अच्छा नागरिक बना सकते है। डॉ0 कलाम का व्यक्तित्व समाज के लिए रोल मॉडल बन सकता है। विद्यालय को चाहिए कि ऐसे व्यक्तित्व का उपयोग वह पाठ्यक्रम व पाठ्यसहगामी क्रियाओं में कर अपने विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करें। 45 विश्वविद्यालयों की मानद उपाधि से विभूषित डॉ0 कलाम का जीवन और उनके विचार किसी राह की तरह है, जिन पर चलते हुए उन्नत जीवन ही नहीं उन्नत राष्ट्र का निर्माण भी संभव है। वे कहते है कि कल सुन्दर हो इसके लिए आज का बलिदान जरूरी है।

प्रस्तावनाः–

डॉ0 कलाम **''पद्म विभूषण''** व **''पद्मभूषण सम्मान''** से सम्मानित है। 1992 में केन्द्रीय रक्षा मंत्री के**''वैज्ञानिक सलाहकार''** बने। 1997 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान **''भारत रत्न''** से सम्मानित किये गये। 2002 में भारत के **''राष्ट्रपति''**बनाये'' गये। सारी दुनिया उन्हें **''मिसाइल मेन''**के नाम से जानती है। 1980 में भारत का पहला उपग्रह प्रक्षेपण यान **''एसएलवी–3''** का श्री हरिकोटा से प्रक्षेपण किया। 1981 में उपग्रह प्रक्षेपण यान **''एसएलवी–3–डी''** का प्रक्षेपण किया। 1988 में **''पृथ्वी मिसाइल''** का दूसरा परीक्षण किया, 1989 में **''अग्नि मिसाइल''** का परीक्षण किया। 1998 में पोकरण, राजस्थान में सफल परमाणु परिक्षण किया। 1990 में जादवपुर विश्वविद्यालय द्वारा तथा 1991 में आईआईटी, मुम्बई द्वारा **''डॉक्टर ऑफ साइंस''** द्वारा सम्मानित किया गया। कलाम स्वयं एक अच्छे शिक्षक हैं। एक बच्चे ने जब उनसे पूछा कि आप फिर कब राष्ट्रपति बनेंगें, तब कलाम का जबाव था–''राष्ट्रपति बनने से पहले

एशोसिएट प्रोफेसर गुलाबबाई यादव स्मृति शिक्षा महाविद्यालय,बोरावां जिला खरगोन (म0प्र0), prerana1212jain@gmail.com

मैं प्रोफेसर था। इसके बाद राष्ट्रपति बना। अब फिर से प्रोफेसर बना हूँ। अब बच्चों को पढ़ा रहा हूँ और एंजॉय कर रहा हूँ।

डॉ0 ए0 पी0जे0 अब्दुल कलाम के विचारः–डॉ0 कलाम ने कई क्षेत्रों पर अपने विचार व्यक्त किये, जिनमें से प्रमुख है –

(01)शिक्षा की परिभाषा :–ऐ.पी.जे. अब्दुल कलाम ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में'' शिक्षा'' को नये शब्दों में परिभाषित करते हुए कहा–''शिक्षा वास्तविक अर्थो में सत्य की खोज है। यह ज्ञान और प्रकाश की अंतहीन यात्रा है। ऐसी यात्रा मानवतावाद के विकास के लिए नये रास्ते खोलती है।''

(02)राष्ट्रपति का बच्चों को गुरूमन्त्र :–

विद्या देती नई कल्पना, कल्पना लाती नए विचार।

नए विचारों से मिले ज्ञान, ज्ञान बनाए आपको महान।।

(03)शिक्षा से ही सफलता की प्राप्तिः–जमकर पढ़ाई करो, रास्ते अपने आप खुल जाएँगें। पढ़े–लिखे बच्चे को संसार का कोई भी शैतान नहीं बिगाड़ सकता है। वे कहते है कल सुन्दर हो उसके लिए आज का बलिदान जरूरी है। अर्थात वर्तमान की पढ़ाई ही भविष्य को सुन्दर बनाती है।

(04)जीवन में एक अच्छा इन्सान बनेंः– जीवन एक मुश्किल खेल है। आप इसे जीत सकते हैं बेशर्त आप एक इंसान बनने के अपने जन्मजात अधिकार को संजोये रख सके। एक बच्चे ने जब उनसे पूछा कि–''एक राष्ट्रपति या अंतरिक्ष विज्ञानी, क्या कहलाना आपको अधिक पसन्द है? तो कलाम का जबाव था**–''मै अपने आपको देश के लिए काम करने वाला कहलाना पसन्द करूंगा''** वे कहते है–''मैं कुछ खूबियों के साथ पैदा हुआ हूँ, रेंगनें के लिए नहीं, उड़ने के लिए। ये खूबिया है–अच्छाई, विचार और सपने, महानता और पंख।''जब तक हम विश्व का सामना नहीं करेंगे, हमारा कोई सम्मान नहीं करेगा।

(05)सपने देखे, और उसे साकार करेंः– किसी भी सपने को साकार करने के लिए सपना देखना पड़ता है। महान स्वप्नदर्शी के महान स्वप्न हमेशा सर्वोत्कृष्ट होते है। कृन्रिम सुख नहीं ठोस उपलब्धियों की तलाश में रहिए। आकाश की तरफ देखिए, हम अकेले नहीं हैं। सारा ब्रह्मांड हमारे अनुकूल है। और जो सपने देखते हैं, वह उनके साथ उन्हें पूरा करने में जुट जाते है। बड़े सपने देखो, फिर उन्हें साकार करो। हमें ऐसे युवा चाहिए, जो सपने देख सकें, उन्हें पहले विचारों में फिर यथार्थ में बदल सके। जो लोग समर्पित होकर काम नहीं कर करते, उन्हें छिछला और आधा–अधुरा ही हाथ लगता है और उससे चारों और कटुता ही पनपती है।महज अनजाने भविष्य के लिए जीना छिछली बात है।

(06)सफलता प्राप्त करने का पैमाना कड़ी मेहनतः–सफलता का लुत्फ उठाने के लिए हर मनुष्य के लिए जरूरी है कि वह कठिनाइयों का अनुभव प्राप्त करें। सफलता के लिए चार स्टेप है– पहले लक्ष्य निर्धारित करें, उसके लिए लगातार ज्ञान प्राप्त करते रहे, कठिन मेहनत करें, तब तक जुटे रहें जब तक की मंजिल न मिल जाएँ। सफलता यों ही नहीं आती उसके लिए जरूरी है एकनिष्ठा। कठिनाइयाँ जीवन के लिए बहुत जरूरी हैं। सफलता का आनंद इसके बिना नहीं उठाया जा सकता।मै जिसे नहीं बदल सका उसे स्वीकारने के लिए तैयार रहा।

(07)पृथ्वी एक प्रेरणादायी ग्रहः– पृथ्वी सबसे शक्तिशाली व उर्जावान ग्रह है। पृथ्वी खुद अपनी धुरी पर घूमती है जिससे दिन और रात होते है और सूर्य के चारों और उसकी परिक्रमा पूरी होने से वर्ष बनता है। जब तक यह दोनों खगोलीय घटनाएँ होती रहेगी, तब तक हर घड़ी मेरे लिए शुभ है।

(08)समस्याओं का साहस से मुकावला करेंः–हमें समस्याओं से मुँह नहीं मोड़ना चाहिए और न ही हमें परास्त करने की उन्हें अनुमति देनी चाहिए। जो चीज चुभती है, वे ही सिखाती है। लक्ष्य तय करो, कड़ी मेहनत करो और समस्याओं से साहस के साथ लड़ो। चोटी और चढ़ाई पर अर्थात शिखर पर चढ़ने के लिए शक्ति और संकल्प की जरूरत होती है, वह चाहे माउन्ट एवरेस्ट पर चढ़ने की बात हो या फिर अपने कैरियर या व्यवससाय को उँचाई पर ले जाने की।ऐसी शक्तियाँ होती है, जो आपके जीवन के पक्ष और विपक्ष में काम करती है। हर किसी को द्वेष पूर्ण शक्तियों में से लाभकारी शक्तियों का सही चयन करना चाहिए।

(09) ईश्वरीय शक्ति पर विश्वास :– मैं इस मायने में हमेशा से एक धार्मिक मनुष्य रहा हूँ कि मेरा ईश्वर के साथ एक कामकाजी रिश्ता है। मुझे यह अहसास था कि सर्वोत्कृष्ट काम करने के लिए जितनी योग्यता होनी चाहिए, उतनी मुझमें नही है। इसलिए मुझे मदद की जरूरत थी, जो अल्लाह ही दे सकता था। मैंने अपनी योग्यता का वास्तविक आकलन किया और उसमें 50 प्रतिशत उपर से जोडा और फिर खुद को सौंप दिया खुदा के हाथों में। इस रिश्ते से मुझे हमेशा वह ताकत मिलती रही, जिसकी मुझे जरूरत थी। सच तो यह है कि मुझे हमेशा यह लगा कि वह शक्ति निरन्तर मुझमें प्रवाहित हो रही है। आज मैं पूरे विशवास के साथ कह सकता हूँ कि ईश्वर की सत्ता इसी शक्ति के रूप में हम सबके भीतर विराजमान है। यही हमें अपने लक्ष्यों की पूर्ति की और ले जाती है और यही हमारे सपने को सकार करती है।

(10) नेता की पहचान होती है उसके साथियों से :– कोई नेता कैसा है, कितना अच्छा है, इसकी पहचान होती है, प्रायोजना में उसके साथ सम्पूर्ण भागीदारी से काम करने वाले लोगों से और उनकी प्रतिबद्वता से। हमने हमेशा एक टीम के रूप में काम किया। जो सफलता मिली उसका श्रेय केवल मेरा नहीं, सबका हैं। अपने साथियों में मैंने ऐसे अनेक व्यक्ति देखे जिनमें नेतृत्व की क्षमता कूट–कूट कर

भरी थी। असल में ऐसे नेता हर स्तर पर मिल जाते हैं। प्रबंधन का यह एक और पहलू था, जो मैने सीखा।

(11) गुरू के प्रति अटूट श्रृद्वा :– डॉ0 कलाम की अपने गुरूओं के प्रति अटूट श्रृद्धा थी। वे आज भी अपने तीन शिक्षक को याद करते हैं। पहले शिक्षक थे– प्रोफेसर स्पीडर। इन्होंने कलाम को एयरोडाइनेमिक्स (वायुगतिकी) का पाठ पढ़ाया। दूसरेशिक्षक थे– डॉ0 कर्ट टैंक। तीसरे शिक्षक थे–प्रोफेसर के0ए0वी0 पण्डालाई। इन्होंने विमान का ढाँचा बनाने और जाँचने की हर बारिकी से कलाम को परिचित कराया।

(12) दूसरों से सीखना :–अमेरिका में जो बात कलाम ने सीखी उसे वे सुप्रसिद्व वैज्ञानिक बेंजमिन फ्रैंकलिन के इस वाक्य से व्यक्त करते हैं कि **''जो चीज चुभती हैं, वही सिखाती हैं।''**उन्होंने देखा किअमरिका के लोग समस्याओं से सीधे टकराते है और बर्दाश्त करते रहने के भारतीय स्वभाव के विपरीत, उनसे बाहर निकलने की कोशिश करते हैं।

(13) अध्यापक के लिए नॉलेज, रेडियेट व पारदर्शिता जरूरी :– अच्छे शिक्षक में इन तीन बातों का होना जरूरी है। साथ ही अच्छे शिक्षक के जीवन में शुद्धता होना जरूरी है। डॉ0 कलाम ने कहा कि हवाई जहाज के अविष्कार से पूर्व कहा जा रहा था कि कोई चीज उड़ नहीं सकती, लेकिन राइट ब्रदर्स ने इस धारणा को गलत साबित किया। उन्होंने यह कहा कि शिक्षकों में यह क्षमता होना जरूरी है कि वह बच्चों में रचनात्मकता एवं कल्पनाशीलता का पोषण करें। आज के युग में ऐसे शिक्षकों की जरूरत है, जिनमें नॉलेज, रेडियेट हो और उनका जीवन पवित्र व व पारदर्शी हो।

(14) ज्वलंत मुद्धा है भ्रष्टाचारः–डॉ0 कलाम का मानना है किभ्रष्टाचार घर से शुरू होता है। यदि बेटा–बेटी अपने माता–पिता को भ्रष्टाचार से रोकेंगे या उससे खरीदी चीजों का उपयोग नहीं करेंगे तो वह काफी हद तक समाप्त हो जायेगा। अगर किसी देश को भ्रष्टाचार मुक्त और सुन्दर मन वाला देश बनाना है तो समाज के तीन चरित्र इसे कर सकते हैं– माता, पिता और गुरू। भ्रष्टाचार को लेकर जीवन में पहली सीख मिली पिता से। पिता ने सिखाया कि किसी से गिफ्ट नहीं लेना, क्योंकि गिफ्ट देने वाला किसी कारण से आपको गिफ्ट देता है।

(15) **विद्यार्थी जिज्ञासा का हल ढुढ़ेः–**आप जो बनना चाहते है उस पर ढुढ़ता से कायम रहे। शिक्षकों से हर जिज्ञासा का समाधान हासिल करें, खुद पर आत्मविश्वास बनाये रखे। मैं सब कुछ कर सकता हूँ का भाव रखें। छोटा संकल्प लेना अपराध है, बड़ा संकल्प ले। सी0वी0 रमन का जिज्ञासु दिमाग था। उन्हें हर चीज आकर्षित करती थी। एक बार उन्होंने समुद्र और आकाश की और देखा तो दोनों नीले नजर आ रहे थे। यही साधारण सवाल उन्हें नोबल पुरूस्कार तक लेकर गया।

ISSN NO: 2454-5643
NIMAR EDUCATIONAL REVIEW INTERNATIONAL
VOLUME - 04 ISSUE – 4 Jan-Jun 2017

(16) कुछ भी असम्भव नहीं:–कुछ भी असंभव नहीं है। जो असंभव की बात करें उनके पास भी न जाएँ। इतना साहस हो कि खुद सफलता हासिल करें और दूसरों की कामयाबी पर खुश हों। हमेशा सोचे कि देश के लिए क्या कर सकते है,क्या दे सकते है। देश को देना सीखें। समस्याओं को ढुढ़ो और फिर उनको समाप्त करने के प्रयासों में जुट जाओ। कठिन परिश्रम करो और ज्ञान को अपडेट करते रहो। आज नैनो तकनीक का जमाना है। हमें इस बात में अन्तर करना होगा कि कल हमनें क्या काम किया था और आज हम क्या कर रहे है? मदर टेरेसा मानवता का श्रेष्ट उदहारण है।

(17) महिलाएँ बेखौफ होकर आगे बढ़े:– देश की हर महिला आत्मविश्वास के साथ बगैर डरे, सिर उँचा किए, अपने सिद्धातों पर चलते हुए आगे बढ़े। सुसंस्कारी हो और अज्ञानता दूर करें।

(18)सामाजिक कार्य करें:– शहर के 25–30 किलोमीटर आसपास जाएँ। समय मिले तो वहाँ के 05 अनपढ़ लोगों को पढ़ाने का जिम्मा ले। साथ ही सभी व्यक्ति 05 पौधे लगाएँ। शहर के लोग शाम को अस्पताल जाएँ और बेसहारों के लिए फल–फूल ले जाएँ, उनकी मदद करें।

(19) विद्यार्थी यूनिक बनें:– यदि आप यूनिक हो तो सब कुछ कर सकते हो, जरूरत है स्वयं को पहचानने की। नये साल के पहले दिन आपको तय करना है कि आप यूनिक किस तरह से बन सकते हो। एक यूनिक इन्सान के लिए कुछ भी असम्भव नहीं। यूनिक से तात्पर्य है कि–' सोचने वाला दिमाग, रचनात्मक दिमाग, लगातार सवाल की आदत के साथ ही चीजों को अलग नजरिए सक देखना। आविष्कार और खोज करने वालों का दिमाग यूनिक होता हैं। आप स्वयं से यह सवाल करें की आप यूनिक कैसे बन सकते हैं।

(20) विजन 2020 :–जो भी विद्यार्थी शिक्षा ले रहे है, उसमें ही महारथ हासिल करो तभी विजन 2020 पूरा होगा। लगातार ज्ञान लेने और कड़ी मेहनत से हर लक्ष्य पूरा हो सकता है। आप अपने आप से यह सवाल करे कि आप देश के लिए सबसे अच्छा क्या कर सकते है? इसके बाद देश के आर्थिक विकास में सभी वर्गों को जुटना होगा।

(21) चरित्र निर्माण की शिक्षा:–जहाँ दिलों में सच्चाई है, वहाँ चरित्र खूबसूरत है, वहाँ सद्भावना है। जहाँ सद्भावना है, उस देश में ही व्यवस्था है। जहाँ व्यवस्था है, वहाँ दुनिया में शांति है। ग्राहम वैल ने जब फोन का अविष्कार किया था उसके बाद वह रिचेस्ट पर्सन बन गया था, क्योंकि उनके चरित्र में खास बात थी। इसलिए चरित्र में सौन्दर्य होना चाहिए। धनवान बनने के बजाय चरित्रवान बनें, कुछ नया करेंगे, सपने पूरे करेंगं तो धन व सम्पदा तथा ख्याति खुद–बखुद पीछे आ जाएँगे।

(22) वैज्ञानिक क्षमता विकसित करें:– इग्नाइटेड माइंड ऑफ यूथ देश की सबसे बड़ी शक्ति है। बड़ा लक्ष्य, लगातार सीखने की ललक, सीखने के लिए अच्छी किताबें और अच्छे व्यक्ति, कड़ी महेनत और दृढ़ निश्चय से वैज्ञानिक क्षमता हासिल की जा सकती हैं। हम पर आई.आई.टी., पी.एम.टी. आदि परीक्षाओं का बोझ रहता है, इसलिए विज्ञान को समझकर एंजॉय नहीं कर पाते हैं। अल्बर्ट आइंस्टाइन ने नौ वर्ष की उम्र में पहला और 12 वर्ष की उम्र में दूसरा सिद्वांत दे दिया था।

(23) विज्ञान का साथ लें:– विज्ञान व्यक्ति की सोच और रचनात्मकता को निखारने का जरिया है। आम आदमी विकास के लिए जल प्रबंधन, भूमि प्रबंधन और पुनर्चक्रण पर ध्यान दें। इसके लिए विज्ञान की विभिन्न विधाओं को साथ लेना होगा।

(24) शिक्षक अपने विद्यार्थियों का लक्ष्य निर्धारित करें:–शिक्षक बचपन से ही अपने विद्यार्थियों का लक्ष्य निर्धारित करे। वे कहते है कि जब मैं दस साल का था तो मेरे शिक्षक सुब्रमण्यम अय्यर ने ब्लैक बोर्ड पर एक चित्र से समझाया कि एक पंक्षी कैसे उड़ता है। इसके बाद वे तट पर ले गये और उड़ते हुए पंक्षी को दिखाकर प्रायोगिक रूप से समझाया। एक साधारण से सिद्धांत ने मेरी जिन्दगी को एकलक्ष्य दे दिया। बस उसी के बाद मैं एरोनोटिकल और रॉकेट इंजीनियर बना।

(25)अपनी योग्यता के अनुरूप कैरियर चुने :– डॉ0 कलाम का मानना है कि अपनी योग्यता के अनुरूप कैरियर चुने। एक बच्चे ने जब उनसे कहा कि मैं बिजनेस मैन बनना चाहता हूँ तो उनका जबाव था–''यह अच्छी बात है तुम नौकरी माँगने वाले नहीं, देने वाले बनेंगे। उन्होनें केरल की एक लड़की जो कक्षा 10वीं में पढ़ती थी, उसका उदाहरण देते हुए कहा कि वह मनोविज्ञान पढ़ना चाहती थी, परिजनों के सपने अलग थे। मेरी परिजनों से बात हुई और उन्हें बच्ची की रूचि के बारे में समझाया। परिजन मान गये और अन्ततः वह लड़की मनोविज्ञान पढ़ रही है।

(26)विद्यार्थी आत्मविश्वास बनाये रखें व खुद पर भरोसा करें :–8वीं कक्षा के एक छात्र का उदाहरण देते हुए कलाम ने कहा कि एक छात्र आत्मविश्वास की कमी से अपनी समस्या अपने शिक्षक को नहीं बता पा रहा था, मैंने उसे खुद पर भरोसा करने के लिए समझाया और उसकी हिचकिचाहट दूर हो गई। इसलिएविद्यार्थी खुद पर भरोसा करे वआत्मविश्वास बनाये रखें। देश के युवाओं में आत्मविश्वास भरने की जरूरत है।आत्मविश्वास के बल पर युवा सब कुछ कर सकता है। इससे देश भी तरक्की करेगा और स्वयं युवाओं का भी भला होगा। आत्मनिर्भरता से ही आत्मसम्मान हासिल किया जा सकता है।

(27)देश प्रदूषण मुक्त हो:– देश को न्यूक्लियर एनर्जी की जरूरत है, जो प्रदूषण मुक्त हो। संसाधनों का अतिदोहन हो रहा है। यदि यही हालात रहे तो हमें धरती जैसे छह और ग्रहों की जरूरत होगी। ब्रिटेन में प्रति व्यकित के लिए 5 हेक्टेयर भूमि चाहिए, उत्तरी अमेरिका मे 6 हेक्टेयर और भारत में 1.6

हेक्टेयर। यदिउत्तरी अमेरिका की तरह रहने की ललक होगी तो हमें धरती जैसे छह ग्रहों की जरूरत होगी। पवन ऊर्जा व सौर ऊर्जा दोनों ऊर्जा के स्वच्छ माध्यम है, हमें अब ऊर्जा के इन माध्यमों पर कार्य करना होगा। बिजली चमकती हे, इससे भी ऊर्जा निकलती है, इस पर काम करना होगा। हम वाहनों के माध्यम से बड़ी मात्रा में कार्वन डाई आक्साइड आदि गैसे वातावरण में छोड़ रहे है इससे जलवायु परिवर्तन जैसे संकट आ रहे है। हमें पवन, सौर, थर्मल और न्यूक्लियर ऊर्जा का उत्पादन करना होगा।

(28) व्यक्तित्व में सुन्दरता जरूरी है :–आने वाली पीढ़ियाँ हमें इसलिए कतई याद नहीं करेंगी कि हमने कितने मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारे और गिरिजाघर बनवाए, बल्कि वें हमें तभी याद रखेंगी, जब हम उन्हें स्वस्थ और खुशहाल भारत सौपेंगे। व्यक्तित्व में सुन्दरता जरूरी है।

(29)प्रारंभिक शिक्षा का माध्यम मातृभाषा हो:– मातृभाषा में ही बच्चों की प्राथमिक शिक्षा हो। जीवन में माता–पिता और प्राथमिक स्कूल के शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

(30)वेदों पर आधारित शोध की आवश्यकता:– देश के शैक्षिक, औद्यौगिक और कृषि विकास के लिए वेदों पर आधरित अध्ययन को आधुनिक शोध प्रक्रिया से जोड़ना और उन्हें प्रोत्साहित करना आवश्यक हो गया है। वैदिक काल की परम्पराओं का ज्ञान कृषि, चिकित्सा और अर्थशास्त्र आदि में बेहतर ज्ञान की प्राप्ति और सुधारों के लक्ष्य को पाने में मददगार होगी।

(31)भारत में विकसित देश बनने की क्षमता :– सौ करोड़ लोगों का हमारा राष्ट्र है, और हमेंकरोड़ों लोगों केराष्ट्र की तरह सोचना होगा, तभी हम बड़े हो सकते हैं।भारत को विकसित देश बनने लायक सभी क्षमताओं से परिपूर्ण है। भारत को विकसित राष्ट्र बनने के लिए एक जीवन दर्शन की आवश्यकता है। हमारे लिए एक अच्छा स्वप्न ही दर्शन हैं।

(32)अच्छा साहित्य पढ़ने की आदत डालें:– हमें पढ़ने की आदत डालना चाहिए, क्योंकि अच्छी किताबें सिर्फ शरीर को ही नहीं, बल्कि आत्मा को भी समृद्ध करती है।

निष्कर्ष :–

(1)डॉ0 अब्दुल कलाम के शैक्षिक व मूल्य संबन्धी विचारों की विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों के लिए प्रासंगिकता है।

(2) डॉ0 कलाम के विचारों व व्यक्तित्व को आत्मसात् करविद्यार्थी एक अच्छा इंसान, बन सकता है। अभिभावक व शिक्षक भी उनके विचारों को आत्मसात् कर एक अच्छे नागरिक बन सकते है, एवं अपने पाल्य या विद्यार्थी को अच्छा नागरिक बना सकते है। (3) डॉ0 कलाम का व्यक्तित्व समाज के लिए रोल मॉडल बन सकता है।

(4) डॉ0 कलाम के विचार प्रेरणादायी है। इन विचारों सेविद्यार्थियों को शिक्षा मिलती है।

(5)डॉ0 कलाम के विचारों में मूल्यों का समावेश है।

सुझाव :–

(1)डॉ0 कलाम के शैक्षिक व मूल्य संबन्धी विचारों को पाठयक्रम में शामिल किया जाये।

(2) शिक्षक स्वयं कलाम के विचारों को आत्मसात् कर पाठ्यसहगामी क्रिया के माध्यम से अपनेविद्यार्थियों को भी आत्मसात कराये।

(3) शिक्षक–प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलाम के विचारों को शामिल किया जाये, ताकी बी0एड0 प्रशिक्षणार्थी लाभान्वित हो सके।

(4) अभिभवक स्वयं कलाम के विचारों को आत्मसात् करअपने पाल्यों को भी आत्मसात् कराये।

(5) शिक्षक व अभिभवक कलाम के विचारों से अपने विद्यार्थियों व पाल्यों को मूल्यों की शिक्षा दें।

(6) पुस्तकालय में कलाम संबंधित साहित्य रखा जाएँ, जिससेविद्यार्थीलाभान्वित होसकें।

(7) डॉ0 कलाम के शैक्षिक व मूल्य संबन्धी विचारों से ''विजन 2020'' को हासिल किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ :–

(1)शर्मा, रमेशदत्त (2002, अगस्त). ''सर्वोच्च शिखर की ओर अग्रसर कलाम को सलाम'' • विज्ञान प्रगति, 51(8), 9–17 व 40–43.

(2) दैनिक भास्कर , जयपुर. 01 जनवरी 2012, पेज 23.

(3) दैनिक भास्कर , खंडवा. 02 फरवरी 2014, पेज 04.

(4) दैनिक भास्कर , इन्दौर. 26 मार्च 2012, पेज 01.

(5) राजस्थान पत्रिका ,जयपुर. 01 जनवरी 2012, पेज 01–02.

(6) राजएक्सप्रेस. 31 जुलाई 2011, पेज 06.

(7) लायन्स क्लब, मनावर (2004– 2005). ''ज्ञानोदय'' . वार्षिक पत्रिका, 3(1), पेज 08•.

(8)मिश्रा, सुनिता (2007). ''शिक्षक जवाबदेही''. इन सिंह, मयाशंकर, अध्यापक शिक्षा असमंजस में.नई दिल्लीः अध्ययन पब्लिशर्स एण्ड
डिस्ट्रीब्यूटर्स.पेज.172.

*****

ISSN NO: 2454-5643
NIMAR EDUCATIONAL REVIEW INTERNATIONAL
VOLUME - 04 ISSUE – 4 Jan-Jun 2017

प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों में पर्यावरण अध्ययन विषय के क्रियाकलापों पर आधारित सामान्य ज्ञान की समझ का अध्ययन

डॉ. सुरेन्द्र कुमार तिवारी[1] अशोक कुमार नेगी[2]

शोध सारांश

स्कूल में गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध कराने की दृष्टि से प्रारंभिक कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों में पर्यावरण अध्ययन विषय के क्रियाकलापों पर आधारित अधिगम के विकास का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में शिक्षा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम जिसमें एक महत्वपूर्ण बिन्दु स्कूल में गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध कराना भी शामिल है , वह भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विद्यालयों में प्रारंभिक कक्षाओं से ही शिक्षा के गुणात्मक उन्नयन की दृष्टि से विद्यार्थियों में पर्यावरण अध्ययन और विज्ञान विषयों का क्रियाकलापों पर आधारित अधिगम के विकास का अत्यंत ही महत्वपूर्ण स्थान है। वर्तमान में प्राथमिक स्तर / माध्यमिक स्तर पर विद्यार्थियों के पर्यावरण अध्ययन विषय सम्बन्धी सामान्य ज्ञान की समझ के विकास में आने वाली कठिनाई की वस्तुस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तुत शोध प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों में पर्यावरण अध्ययन के क्रियाकलापों पर आधारित सामान्य ज्ञान की समझ का अध्ययन किया गया है।

भूमिका –

हमारे प्राथमिक विद्यालयों में पर्यावरण और विज्ञान विषयों की पढ़ाई के लिये विषय विशेषज्ञ अध्यापक नियुक्त नहीं हैं , प्रस्तुत शोध कार्य प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों में पर्यावरण अध्ययन विषय के क्रियाकलापों पर आधारित सामान्य ज्ञान की समझ का अध्ययन द्वारा वस्तुस्थिति की भूमिका को विद्यालयों में प्रभावी बनाया जा सकता है। यदि विद्यार्थी की पर्यावरण तथा विज्ञान विषय आधारित सामान्य ज्ञान की समझ को प्रारंभिक कक्षाओं में ही विकसित कर दिया गया तो भविष्य में इस पर आधारित सामान्य ज्ञान की उपयोगिता को प्रभावी बनाने में सहायक हो सकती हैं , इसे दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तुत क्रियात्मक अनुसंधान कार्य ***प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों में पर्यावरण अध्ययन के क्रियाकलापों पर आधारित सामान्य ज्ञान की समझ का अध्ययन*** विषय का चयन किया है ।

शिक्षा के लोकव्यापीकरण हेतु सर्वशिक्षा अभियान के अंतर्गत प्रारंभिक शिक्षा के गुणात्मक उन्नयन

प्राचार्य गुलाबबाई यादव स्मृति शिक्षा महाविद्यालय,बोरावां जिला खरगोन (म0प्र0), shubh.shree28@gmail.com
व्याख्याता, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खण्डवा

की दृष्टि से राज्यशिक्षा केन्द्र द्वारा अनेक प्रभावी कदम उठाये गए हैं, प्राथमिक कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों में पर्यावरण विषय के क्रियाकलापों पर आधारित अधिगम के विकास का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में शिक्षा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम जिसमें एक महत्वपूर्ण बिन्दु स्कूल में गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध कराना भी शामिल है स्कूल में अच्छी गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध कराने की दृष्टि से विगत वर्षों में खण्डवा जिले के विकासखण्ड की विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों की मॉनिटरिंग के दौरान कक्षाशिक्षण अवलोकन के दौरान यह पाया गया कि विद्यालय में प्रारंभिक कक्षाओं के अधिकांश विद्यार्थी पर्यावरण तथा विज्ञान विषय आधारित सामान्य ज्ञान की समझ सम्बन्धी प्रश्नों तथा सामान्य ज्ञान की समझ आधारित बातों के जवाब सक्रिय सहभागिता के साथ नहीं दे पा रहे हैं । अतः वर्तमान में ***प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों में पर्यावरण अध्ययन विषय के क्रियाकलापों पर आधारित सामान्य ज्ञान की समझ का अध्ययन*** अंतर्गत कक्षा 5 में अध्ययनरत विद्यार्थियों में पर्यावरण अध्ययन विषय के क्रियाकलापों पर आधारित सामान्य ज्ञान की समझ के अधिगम विकास के लक्ष्य की वस्तुस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तुत शोध का अध्ययन किया जाना आवश्यक है। यदि वर्तमान में प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों में पर्यावरण विषय के क्रियाकलापों पर आधारित सामान्य ज्ञान की समझ का अध्ययन द्वारा वस्तुस्थिति की भूमिका को विद्यालयों में प्रभावी बनाया जावे तो भविष्य में इस पर आधारित सामान्य ज्ञान की उपयोगिता को प्रभावी बनाने में सहायता मिल सकती है , इस वस्तुस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तुत शोध ***प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों में पर्यावरण अध्ययन विषय के क्रियाकलापों पर आधारित सामान्य ज्ञान की समझ का अध्ययन*** किया गया है।

अनुसंधान की आवश्यकता एवं महत्व –

स्कूल में अच्छी गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध कराने की दृष्टि से हो रहा है कार्यक्रम अंर्तगत कक्षा 5 के अध्ययनरत विद्यार्थियों में पर्यावरण विषय की दक्षता के विकास का लक्ष्य रखा गया है। सक्रिय सहभागिता के साथ सभी विद्यार्थियों को मिले । इसलिए महसूस किया गया कि प्रस्तुत शोध किया जाना आवश्यक है ताकि भविष्य मे इसकी उपयोगिता को प्रभावी बनाया जा सके।

विगत वर्षों में खण्डवा जिले के विकासखण्ड की विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों की मॉनिटरिंग के दौरान कक्षाशिक्षण में पर्यावरण *अध्ययन* विषय अध्यापन अवलोकन में यह पाया गया कि अधिकांश विद्यार्थी पर्यावरण अध्ययन विषय की अवधारणाओं को स्पष्ट नहीं कर पाते इसलिए महसूस किया गया कि वस्तुस्थिति की भूमिका को विद्यालयों में प्रभावी बनाया जा सकता है। यदि विद्यार्थी की पर्यावरण विषय की अवधारणाओं को प्रारंभिक कक्षाओं में ही स्पष्ट कर दिया जाय तो उसके दृष्टिकोण को वैज्ञानिक बनाने में सहायक हो सकती हैं, इसे दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तुत अनुसंधान ***प्राथमिक विद्यालय***

ISSN NO: 2454-5643
NIMAR EDUCATIONAL REVIEW INTERNATIONAL
VOLUME - 04 ISSUE – 4 Jan-Jun 2017

में अध्ययनरत विद्यार्थियों में पर्यावरण अध्ययन विषय के क्रियाकलापों पर आधारित सामान्य ज्ञान की समझ का अध्ययन करने की आवश्यकता है ।

अनुसंधान के उद्देश्य –

प्रस्तुत क्रियात्मक अनुसंधान के लिए *उद्देश्य* निम्नानुसार है –

1 विद्यालय की कक्षा 5 में अध्ययनरत विद्यार्थियों पर पर्यावरण अध्ययन विषय आधारित सामान्य ज्ञान की वस्तुस्थिति जानना ।

2 पर्यावरण अध्ययन विषय अध्यापन की पूर्व तैयारी , निर्देशित गतिविधियों एवं अभिलेख संधारण की स्थिति जानना ।

3 कक्षा 5 के विद्यार्थियों में पर्यावरण विषय के क्रियाकलापों पर आधारित अधिगम के विकास की स्थिति जानना ।

अनुसंधान परिकल्पनाएँ–

प्रस्तुत क्रियात्मक अनुसंधान के लिए *परिकल्पनाएँ* निम्नानुसार है –

1 विद्यालय की कक्षा 5 में पर्यावरण अध्ययन विषय का अध्यापन विधिवत होता है ।

2 विद्यालय की कक्षा 5 में अध्ययनरत विद्यार्थियों पर पर्यावरण अध्ययन विषय आधारित सामान्य ज्ञान की समझ है।

3 विषयवस्तु अनुसार निर्देशित गतिविधियों का संचालन टी एल एम की सहायता से करवाने पर विद्यार्थियों में पर्यावरण अध्ययन के क्रियाकलापों पर आधारित सामान्य ज्ञान के उपलब्धि स्तर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है ।

सीमांकन–

प्रस्तुत अनुसंधान खण्डवा जिले के खालवा विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक विद्यालय जोगीबेड़ा जनशिक्षा केंद्र आशापुर के कक्षा 5वी में अध्ययनरत विद्यार्थियों पर किया गया है।

शोध प्रविधि

प्रस्तुत अनुसंधान के लिए खण्डवा जिले के खालवा विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक विद्यालय जोगीबेड़ा जनशिक्षा केंद्र आशापुर के कक्षा 5वीं में दर्ज विद्यार्थियों का चयन किया गया।अनुसंधान हेतु कक्षा 5वीं में दर्ज 26 विद्यार्थियों का चयन किया गया।

अनुसंधान के लिए तीन प्रकार के परीक्षण प्रपत्रों का निर्माण किया गया ।

1 पूर्व परीक्षण प्रपत्र – विद्यार्थियों के लिये

ISSN NO: 2454-5643
NIMAR EDUCATIONAL REVIEW INTERNATIONAL
VOLUME - 04 ISSUE – 4 Jan-Jun 2017

2 मध्यावधि परीक्षण प्रपत्र – विद्यार्थियों के लिये

3 पश्च परीक्षण प्रपत्र – विद्यार्थियों के लिये

विद्यार्थियों को *पर्यावरण अध्ययन विषय के क्रियाकलापों का* चित्र द्वारा परिचय गतिविधि कराने के लिये एवं अनुसंधान के लिए आवश्यक सहायक शिक्षण सामग्री का निर्माण कर प्रयोग,गतिविधि कराने हेतु निम्नानुसार तैयार की गई ।

1. मानचित्र 2.शब्द पॉसा 3.शब्द कार्ड 4.शब्द चित्र कार्ड 5. नामांकित शब्द चित्र चकरी 6. नामांकित शब्द चित्र पट्टी 6. विभिन्न विषयवस्तु पर आधारित सामग्री प्रयोग , गतिविधि हेतु

1 अक्टूबर माह विषयवस्तु पर आधारित पूर्व परीक्षण का आयोजन किया गया जिसके तहत एक दिन विद्यालय के कक्षा 5वीं में दर्ज सभी विद्यार्थियों का पूर्व परीक्षण प्रपत्र के माध्यम से परीक्षण किया गया।

2 पूर्व परीक्षण जॉच कार्य के बाद एक दिवसीय द्वितीय कार्यशाला/प्रशिक्षण के माध्यम से की विषयवस्तु पर आधारित उपचारात्मक शिक्षण किया गया। इसके लिये शोधार्थी द्वारा क्रियात्मक अनुसंधान हेतु चयन किये गए विद्यालय के प्रधानअध्यापक तथा कार्यरत शिक्षकों को विषयवस्तु अनुसार निर्देशित गतिविधियों क्रियाकलापों की जानकारी देकर विद्यालय में आवश्यक सामग्री , कक्ष बैठक व्यवस्था एवं विषयवस्तु अनुसार निर्देशित गतिविधियों का संचालन प्रभारी अध्यापक द्वारा शिक्षण सामग्री की सहायता से कक्षा के सभी विद्यार्थियों की सहभागिता से करवाये गये तथा क्रियाकलापों का नियमित अवलोकन किया गया साथ ही साथ अभिलेख संधारण करवाया गया ।

3 नवम्बर माह के द्वितीय सप्ताह में की विषयवस्तु पर आधारित मध्यावधि परीक्षण प्रपत्र द्वारा परीक्षण किया गया एव परीक्षण जॉच कार्य के बाद एक दिवसीय तृतीय कार्यशाला/प्रशिक्षण के माध्यम से प्रसारण की विषयवस्तु पर आधारित उपचारात्मक शिक्षण किया गया जिसमें प्रशिक्षित शिक्षक द्वारा प्रतिदिन विद्यार्थियों का शिक्षण किया गया। विद्यालय में शिक्षण के दौरान विषयवस्तु अनुसार निर्देशित गतिविधियों का संचालन अध्यापक द्वारा टी एल एम की सहायता से कक्षा के सभी विद्यार्थियों की सहभागिता से करवाया गया। चित्र एवं आवश्यक सहायक शिक्षण सामग्री मानचित्र पॉसा, शब्द कार्ड, शब्द चित्र, शब्द चकरी, शब्द चित्र पट्टी के द्वारा विद्यार्थियों में आने वाली कठिनाई की पहचान कर निराकरण हेतु उचित तरीकों से अध्यापन , अभ्यास कार्य का प्रशिक्षण प्रदान किया गया । कठिन अवधारणा सुधारात्मक रोचक गतिविधियों का संचालन करवा कर अभिलेख संधारण करवाया गया ।

4. कार्यशाला/प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा प्रतिदिन विद्यार्थियों को आवश्यक सहायक शिक्षण सामग्री द्वारा अभ्यास कार्य का आयोजन किया गया ।

ISSN NO: 2454-5643
NIMAR EDUCATIONAL REVIEW INTERNATIONAL
VOLUME - 04 ISSUE – 4 Jan-Jun 2017

आँकड़ों का संकलन एवं प्रस्तुतिकरण तथा परिकल्पनाओं का पुष्टिकरण

विद्यार्थियों के लिये तैयार परीक्षण प्रपत्रों– पूर्व , मध्यावधि एवं पश्च परीक्षण से प्राप्त आँकड़ों के संकलन उपरांत प्रस्तुतिकरण ,परिकल्पनाओं का पुष्टिकरण परिणाम इस प्रकार हैं –

पूर्व एवं मध्यावधि परीक्षण

तालिका क्र. 1

परीक्षण	न्यादर्श का आकार	मध्यमान	प्रमाणिक विचलन	गणना से प्राप्त टी का मान
पूर्व	26	52.50	15.80	1.55
मध्यावधि	26	59.04	14.63	



गणना द्वारा प्राप्त टी का मान 1.55 है,

इसकी सार्थकता के लिये

टी का स्वतंत्रता अंश डी.एफ. = 50 है ।

टी तालिका में स्वतंत्रता अंश डी.एफ. = 50 पर

स्तर .05 मान 2.01 है ।

तथा स्तर .01 मान 2.68 है ।

गणना द्वारा प्राप्त टी का मान 1.55 डी.एफ. = 50 पर टी तालिका के मान से कम है।

अतः हमारे द्वारा ली गई परिकल्पना–

"विद्यालय की कक्षा 5 में पर्यावरण अध्ययन विषय का अध्यापन विधिवत होता है ।" की पुष्टि होती है ।

" विद्यालय की कक्षा 5 में अध्ययनरत विद्यार्थियों पर पर्यावरण अध्ययन विषय आधारित सामान्य ज्ञान की समझ है।" की पुष्टि होती है । अर्थात् विद्यालय में विषय का अध्यापन विधिवत होता है एवं कक्षा 5 में अध्ययनरत विद्यार्थियों पर पर्यावरण अध्ययन विषय आधारित सामान्य ज्ञान की समझ है ।

मध्यावधि एवं पश्च परीक्षण

तालिका क्र. 2

परीक्षण	न्यादर्श का आकार	मध्यमान	प्रमाणिक विचलन	गणना से प्राप्त टी का मान
मध्यावधि	26	59.04	14.63	2.00
पश्च	26	66.92	13.79	



गणना द्वारा प्राप्त टी का मान 2.00 है, इसकी सार्थकता के लिये टी का स्वतंत्रता अंश डी.एफ. = 50

है ।टी तालिका में स्वतंत्रता अंश डी.एफ. = 50 परस्तर .05 मान 2.01 है ।तथा स्तर .01 मान 2.68 है । गणना द्वारा प्राप्त टी का मान 2ण्00 डी.एफ. = 50 पर टी तालिका के मान से कम है। अतः हमारे द्वारा ली गई परिकल्पनाएँ – "विद्यालय की कक्षा 5 में पर्यावरण अध्ययन विषय का अध्यापन विधिवत होता है ।" की पुष्टि होती है । विद्यालय की कक्षा 5 में अध्ययनरत विद्यार्थियों पर पर्यावरण अध्ययन विषय आधारित सामान्य ज्ञान की समझ है।" की पुष्टि होती है ।

अर्थात् विद्यालय में विषय का अध्यापन विधिवत होता है एवं कक्षा 5 में अध्ययनरत विद्यार्थियों पर पर्यावरण अध्ययन विषय आधारित सामान्य ज्ञान की समझ है ।

पूर्व एवं पश्च परीक्षण

तालिका क्र. 3

परीक्षण	न्यादर्श का आकार	मध्यमान	प्रमाणिक विचलन	गणना से प्राप्त टी का मान
पूर्व	26	52.50	15.83	3.51
पश्च	26	66.92	13.79	



गणना द्वारा प्राप्त टी का मान 3.51 है,
इसकी सार्थकता के लिये
टी का स्वतंत्रता अंश डी.एफ. = 50 है ।

ISSN NO: 2454-5643
NIMAR EDUCATIONAL REVIEW INTERNATIONAL
VOLUME - 04 ISSUE – 4 Jan-Jun 2017

टी तालिका में स्वतंत्रता अंश डी.एफ. = 50 पर

स्तर .05 मान 2.01 है ।

तथा स्तर .01 मान 2.68 है ।

गणना द्वारा प्राप्त टी का मान 3.51 डी.एफ. = 50 पर टी तालिका के मान से अधिक है।

अतः हमारे द्वारा ली गई परिकल्पना –

" विषयवस्तु अनुसार निर्देशित गतिविधियों का संचालन टी एल एम की सहायता से करवाने पर विद्यार्थियों में पर्यावरण अध्ययन के क्रियाकलापों पर आधारित सामान्य ज्ञान के उपलब्धि स्तर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है ।" निरस्त होती है ।

अर्थात् विद्यालय में विषयवस्तु अनुसार निर्देशित गतिविधियों का संचालन सहायक शिक्षण सामग्री की सहायता से करवाने पर विद्यार्थियों में पर्यावरण अध्ययन के क्रियाकलापों पर आधारित सामान्य ज्ञान की समझ के विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है ।

निष्कर्ष –

निष्कर्ष अनुसार यह स्पष्ट होता है कि –

1 विद्यार्थियों में आने वाली कठिनाई की पहचान कर निराकरण हेतु उचित तरीकों से अध्यापन अभ्यास कार्य करवा कर शिक्षण प्रदान किया गया । रोचक गतिविधियों का संचालन करवा कर शिक्षण करवाने का सार्थक प्रभाव होता है । विद्यार्थियों के लिए रोचक गतिविधियों का संचालन शिक्षण को प्रभावी बनाता है,

2.विद्यालय में विषयवस्तु अनुसार निर्देशित गतिविधियों का संचालन शिक्षण सामग्री की सहायता से कक्षा के सभी विद्यार्थियों की सहभागिता से करवाने पर एवं आवश्यक सहायक शिक्षण सामग्री के प्रयोग तथा बार बार अभ्यास द्वारा उपचारात्मक शिक्षण करवाने के उपरांत विद्यार्थियों पर विषय के क्रियाकलापों पर आधारित अधिगम के विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता हैं ।

3. विद्यार्थियों की अनियमित उपस्थिति के कारण अपेक्षित सुधार नहीं कर सकते हैं । अतः विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति में विषयवस्तु अनुसार सहायक शिक्षण सामग्री के प्रयोग एवं अभ्यास कार्य द्वारा गतिविधियों का संचालन शिक्षण को प्रभावी बनाता है एवं विद्यार्थियों के अधिगम के विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता हैं ।

ISSN NO: 2454-5643
NIMAR EDUCATIONAL REVIEW INTERNATIONAL
VOLUME - 04 ISSUE – 4 Jan-Jun 2017

सुझाव –

अध्यापकों के लिये –

क. यदि विद्यालय में अध्यापन के दौरान विषयवस्तु अनुसार निर्देशित गतिविधियों का संचालन प्रभारी अध्यापक द्वारा प्रतिदिन विद्यार्थियों को आवश्यक सहायक शिक्षण सामग्री द्वारा अभ्यास कार्य करा कर अध्यापन कराया जाए तो वे शीघ्रता से सीख सकते हैं ।

ख.यदि विद्यालय में अध्यापन पाठ्यवस्तु से विद्यार्थियों को परिचित कराया जाए तथा गतिविधियों का संचालन आवश्यक सहायक शिक्षण सामग्री द्वारा अभ्यास कार्य करा कर अध्यापन कराया जाए तो पाठ्यवस्तु को शीघ्र सीख सकते हैं तथा विद्यार्थी तथा अध्यापक कार्यक्रम का पूर्ण लाभ सक्रिय सहभागिता के साथ उठा सकते हैं

विद्यार्थियों के लिये –

ग.यदि विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय में प्रसारण के दौरान विषयवस्तु अनुसार निर्देशित गतिविधियों का संचालन कार्यक्रम प्रभारी अध्यापक के साथ किया जावे तो वे पाठ्यवस्तु सीख सकते हैं।

घ.यदि पर्यावरण विषय के क्रियाकलापों पर आधारित पाठ्यवस्तु के अभ्यास कार्य विद्यार्थियों द्वारा किये जाते हैं तो अध्ययन में आने वाली कठिनाई का निराकरण किया जा सकता है एवं अधिगम के विकास में सहायता मिलती है।

ड. सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति नियमित रहना चाहिए ।

विद्यालय प्रबंध समिति के लिये –

च. विद्यार्थियों की अनियमित उपस्थिति के कारण शीघ्रता से पढ़ना सीखने मे अपेक्षित सुधार नहीं कर सकते हैं ।अतः विद्यालय प्रबंध समिति को इस दिशा मे सुधार कर सकारात्मक परिणाम प्राप्त करने हेतु पालकों के सतत् सम्पर्क में रहना चाहिए ।

छ. विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति के साथ –साथ पालकों कों अपने पाल्य के द्वारा घर तथा परिवेश में वार्तालाप व पढ़ने के दौरान किये जाने वाले कार्य, गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए ।

ज. विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति में सहायक शिक्षण सामग्री के प्रयोग एवं अभ्यास कार्य द्वारा विद्यार्थियों में पर्यावरण विषय के क्रियाकलापों पर आधारित अधिगम के विकास पर ध्यान देना चाहिए ।

राज्य शिक्षा केन्द्र , भोपाल के लिये –

झ. पर्यावरण विषय के क्रियाकलापों की जानकारी हेतु सतत् प्रशिक्षित किया जावे ।

ISSN NO: 2454-5643
NIMAR EDUCATIONAL REVIEW INTERNATIONAL
VOLUME - 04 ISSUE – 4 Jan-Jun 2017

त. विद्यालय में अध्यापनकार्य निर्देशित टाइम टेबल अनुसार करवाया जावे तथा अध्यापन के दौरान विषयवस्तु अनुसार निर्देशित गतिविधियों का संचालन की नियमित मॉनिटरिंग , दल बनाकर की जावे तथा मॉनिटरिंग दल द्वारा दिये जाने वाले सुझाव को अमल में लिया जावे।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

- शर्मा आर. ए. ,(2004).“शिक्षा अनुसंधान”.,मेरठः आर. लाल बुक डिपो .
- पर्यावरण कक्षा 5वीं.,(2011). भोपाल : मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केन्द्र .
- पर्यावरण कक्षा 4वीं.,(2011). भोपाल : मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केन्द्र.
- झिलमिल परस्पर रेडियो संवाद कार्यक्रम
- शिक्षक मार्गदर्शिका .,(2009). भोपाल : मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केन्द्र एवं
- बैंगलोर : इज्यूकेशन डेवलपमेंट सेन्टर .

*****

ISSN NO: 2454-5643
NIMAR EDUCATIONAL REVIEW INTERNATIONAL
VOLUME - 04 ISSUE – 4 Jan-Jun 2017

विकासगामी प्रवृत्ति के रूप में अधिगम की उपादेयता

धाराश्री श्रीवास

अधिगम अर्थात् सीखना एक निरन्तर प्रक्रिया के रूप में शिक्षाशास्त्री भलीभाँति जानते हैं। वर्डस्वर्थ [1] ने बहुत प्राचीन काल में अधिगम की परिभाषा में कहा था कि 'Learning is a process of development'- अर्थात् सीखना विकास की एक प्रक्रिया है। प्राणी मात्र से लेकर मनुष्य जाति भी निरन्तर कुछ न कुछ सीखता रहता है। इसी प्रक्रिया से जीव अपने जटिल कार्यों में भी सीखने की प्रवृत्ति के कारण बहुत कुछ ज्ञान अर्जित कर लेता है।

प्रारंभ में जिस बंदर ने अपने पैरों पर खड़े होना सीखा और आगे के दो पाँव हाथ के रूप में इस्तेमाल करना सीख लिया उससे बन्दर मनुष्य की श्रेणी में आ पहुँचा और इससे वह बंदर के बनिस्बत अधिक कुशल और कार्यक्षमं हुआ। संभवतः उसके डी.एन.ए. में भी इसी कारण विकास हुआ होगा। [2]

आज भी कई बंदर अपने रोजमर्रा के जीवन में कई कौशलों का प्रयोग करते हैं। प्रायः सभी जीव अपनी समस्याओं के प्रति अवगत होकर विकास की उन्नत प्रक्रिया अपनाते हैं।

जीवों में कुछ प्रक्रिया निसर्गदत्त है। उदाहरण के लिए पशु गाय, बैल, घोड़ा आदि केवल सूंघ कर खाद्य पदार्थों की पहचान करते हैं। वे कभी अखाद्य वनस्पति को नहीं खाते। यह उनकी नैसर्गिक प्रतिभा के बल पर है, इसी प्रकार की और भी अनेक प्रक्रियाएँ पशु नैसर्गिक दृष्टि से जान लेते हैं। आहार, निद्रा, भय और मैथुन जैसी चार नैसर्गिक प्रवृत्ति ही उनकी जन्मजात प्रवृत्ति है, जिसके लिए किसी से सीखने की जरूरत नहीं होती, किन्तु अन्य बातों के लिए जीव को अपनी–अपनी बुद्धि के बल से विकास की प्रक्रिया से जुड़ा होता है।

मनुष्य सबसे उन्नत प्राणी है, जिसको सीखने की प्रवृत्ति के कारण निरन्तर विकास करते–करते वह सर्वश्रेष्ठ प्राणी की हैसियत में खड़ा हुआ है।

नवीन ज्ञान और नवीन प्रक्रियाओं को प्राप्त करने की प्रक्रिया का नाम ही सीखना है, जिसमें व्यक्ति अपने व्यवहार में उत्तरोत्तर सामंजस्य स्थापित है। यही बात 'स्किनर' से बताई है। व्यक्ति अपनी आदतों, ज्ञान और अभिवृत्तियों के कारण कुछ न कुछ नवीनतम बातों को सीखता रहता है, इससे ही उसके ज्ञान में निरन्तर अभिवृद्धि होती रहती है।

इसके सीखने की प्रवृत्ति जीवनभर चलती रहती है। इसी से वह नित्य–नूतन परिवर्तन को जानने लगता है। अनुभवों के संकलन को ही सीखना कहा जाता है। जो उद्देश्यपूर्ण होता है।

शोधार्थी, पेसिफिक युनिर्वशिटी shubh.shree28@gmail.com

विवेक से परिपूर्ण होता है। व्यक्ति स्वयं वैयक्तिक बातों को सीखता रहता है, लेकिन समूह के रूप में भी वह बहुत कुछ ज्ञान अर्जित करता है। इसी कारण सीखने की प्रक्रिया व्यक्तिगत और सामाजिक दोनों है। अक्सर व्यक्ति अपने आसपास के परिवेश को देखता है, अनुभव करता है, जिससे उसके मन में कुछ वैचारिक दृष्टिकोण उत्पन्न होता है। विचारों की सक्रिया के कारण व्यक्ति के ज्ञान और अनुभव में नई–नई बातों का समावेश होता रहता है। सीखने को प्रभावित करने वाले कारकों में व्यक्ति ज्ञात और सरल चीजों से कठिन और अज्ञात को जानने का प्रयास करता है। जो भी व्यक्ति क्रमबद्ध तरीके से सीखता रहता है, उससे उसके अनुभवों में परिपक्वता उत्पन्न होती है और इसी से उसे नई–नई बातों को सीखने की प्रेरणा पैदा होती है। परस्पर व्यवहार, खेलकूद, मानसिक अवस्था आदि से सीखने की प्रवृत्ति का निरन्तर विकास होता रहता है। माता–पिता, गुरूजन, आपसी मित्र और व्यापक समाज इस सबके समवाय के कारण व्यक्ति का सीखना सुगम होता है।

सीखने की प्रभावशाली विधियों का शिक्षाशास्त्रियों ने काफी अध्ययन किया है, जिसमें प्रत्यक्ष रूप से अपने कार्यों में डूब जाता है और इसी से वह नई–नई चीजें सीखते रहता है। जैसे जेम्सवॉट ने भाप की शक्ति को जाना और उससे रेल इंजन का आविष्कार किया। गुरुत्वाकर्षण को जानकर व्यक्ति ने विराट खगोलीय ज्ञान प्राप्त किया। भारतीय वैज्ञानिकों ने शून्य का आविष्कार कर अंक पद्धति की लेखन शैली का विकास किया। भाषा का आविष्कार कर मनुष्य ने अपने विचारों को एक दूसरे तक पहुँचाया, इतना ही नहीं उसकी सूक्ष्म से सूक्ष्म और जटिलतम संवेदनाओं को जानने में सफलता प्राप्त की। लिपि के आविष्कार ने लेखन शैली का विकास और विस्तार किया। दुनिया में कई भाषाएँ विकसित हुई और इसके कारण एक दूसरे के विचारों और भावनाओं तक में पहुँच आसान और सरल हो गया है। ज्ञान के अपार विस्तार का अब आर–पार पहुँचना आसान हो गया है। मनुष्य के इन आविष्कारों के कारण मनुष्य का चिन्तन अधिक से अधिक व्यापक होता गया। 'थार्नडाइक' ने पिछली 50–60 वर्षों म पशुओं पर परीक्षण करके सीखने के नियमों का अनुसंधान किया है, जिसमें तत्परता और अभ्यास को महत्वपूर्ण सीखने का नियम बनाया है। इसके अनुसार तत्परता का अर्थ है विद्यार्थी सीखने के लिए हमेशा तैयार रहता है– सीखने के लिए जो भी परिस्थितियाँ आवश्यक होती हैं, विद्यार्थी उसके लिए आपके लिए सार्थकपूर्ण रूप से तैयार रहता है।

अभ्यास का अर्थ है किसी क्रिया को बार–बार करने से व्यक्ति–व्यक्ति कुशल और सिद्धहस्त हो जाता है, जिसमें उपयोग का नियम महत्वपूर्ण है। व्यक्ति किसी कार्य को लगातार करते रहता है, जिससे वह कुशल हो जाता है। जो व्यक्ति अभ्यास नहीं करता है वह भूल जाता है, जिससे उसका कौशल विस्मृत हो जाता है। अतः अभ्यास से व्यक्ति कार्यक्षम होता है। इसके लिए व्यक्ति की मनोवृत्ति जैसी है उसी के अनुसार वह कार्य करने में रूचि उत्पन्न करता है। व्यक्ति सीखने के दौरान अनेक त्रुटियाँ

करता है और फिर धीरे–धीरे उन भूलों का या त्रुटियों का परिमार्जन करके सही दिशा की ओर जाने लगता है। व्यक्ति जब नया ज्ञान प्राप्त करने की ओर प्रवृत्त होता है, तब वह बहुत सी बातों को आत्मसात करता है। व्यक्ति बहुत सी बात पूर्व में की गई बातों का अनुसरण करता है और फिर अनुकरण को वह साक्षात् विधि द्वारा अनुकरण करता है, इससे सीखने की प्रक्रिया वह अपनाने लगता है और कुशलता प्राप्त करता है।

सीखने की प्रक्रिया में 'ध्यान' सबसे महत्वपूर्ण कारक है।[3] अध्यापक जब कक्षा में पढ़ाते है, तब सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अध्यापक द्वारा कहीं गई बात ध्यानपूर्वक सुनना ताकि वे पूरी तरह से सीखी हुई बातों को भलीभाँति समझ ले। यदि पढ़ाते समय विद्यार्थी के मन में सीखे हुए पाठ के अतिरिक्त अन्य बातों पर ध्यान केन्द्रित हो तो सीखा हुआ ज्ञान उसके ऊपर से गुजर जायेगा और वह जो सीख रहा है उस तरफ जरा भी ध्यान नहीं होगा।

प्राचीन समय में राजा जनक के कार्यकाल में एक ऋषि ने कहा था कि 'राजा जनक ! आप सारे ऐश्वर्य भोग रहे है, तब भी वह 'विदेह' कहे जाते हैं। ऐसा कैसे हो सकता है ? राजा जनक ने एक तरकीब की। भरे दरबार में ऋषि को बिठा दिया उनके सिर पर घोड़े के बाल से एक नंगी तलवार टांग दी। राजा ने सुन्दर नृत्यांगना का नृत्य प्रारंभ किया। बहुत देर तक पूरी सभा नृत्य का कार्यक्रम देखती रही। ऋषि भी नृत्य देखते रहे। नृत्य समाप्त होने पर ऋषि ने राजा से कहा कि 'ऋषिवर् सुन्दर और मनमोहक नृत्य देखकर आपको अच्छा लगा होगा ? तब ऋषि ने कहा राजन् ! मैंने नृत्य में कभी भी ध्यान नहीं दिया, क्योंकि मेरे सिर पर घोड़े के बाल से बंधी नंगी तलवार का ध्यान ही प्रतिक्षण लगा रहा, इसलिए नृत्य में कोई भी आनंद नहीं मिला। इसी क्षण ऋषियों से राजा जनक ने 'विदेह' का अर्थ समझ लिया।

सीखने के दौरान पढ़ने में अत्यंत सावधान रहना चाहिए और ध्यानपूर्वक अध्यापक की ओर लक्ष्य देना चाहिए। अधिगम अर्थात् सीखने को प्रभावित करने में स्मरण का विशेष योगदान होता है। स्मरण करने में सहज ही पुनरावृत्ति होती है। सीखी हुई वस्तु का सीधा उपयोग है। सीखने की प्रक्रिया और स्मृति एक दूसरे के पूरक है। अच्छी स्मृति सीखने को तत्काल प्रभावित करती है। इसलिए स्मृति को विकसित करना जरूरी होता है। स्मृति की प्रबलता के कारण सीखी हुई वस्तु तुरन्त समझने योग्य बनती है। स्मृति को विकसित करने के लिए स्पष्ट ज्ञान, प्रोत्साहन, रुचि उत्पन्न होना, पूर्ण ज्ञान, दोहरना, एकाग्रता आदि सरल विधियों को अपनाकर सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

सीखने से अर्थात् अधिगम को प्रभावी बनाने के लिए अभिप्रेरणा महत्वपूर्ण है।[4] प्रेरणा एक प्रक्रिया है, जिसमें सीखने वाले की आंतरिक शक्तियाँ या आवश्यकताएँ उसके वातावरण में विभिन्न लक्ष्यों की ओर निर्देशित होती हैं। अभिप्रेरणा के दो प्रकार माने जाते है। सकारात्मक और नकारात्मक। सकारात्मक अभिप्रेरणा के द्वारा बाल व्यवहार में अनुकूल परिवर्तन उत्पन्न किया जाता है। चरित्र निर्माण के सकारात्मक प्रेरणा अधिक लाभदायक है। सीखने के दौरान ध्यान केन्द्रित करने में सकारात्मक सहयोग प्रदान किया जाता है। मानसिक रुचि में विकास उत्पन्न होता है। अनुशासन के साथ अन्य सामाजिक गुणों का भी विकास उत्पन्न किया जाता है और पर्याय से अधिक ज्ञान का अर्जन भी किया जा सकता है।

सीखने के प्रभावशाली उपायों के अन्तर्गत छात्र को सीखने की इच्छा होनी चाहिए, तभी वह विषयवस्तु की ओर आकर्षित रह सकता है। छात्र को सशक्त अभिप्रेरणा की आवश्यकता होती है। प्रोत्साहन परक प्रवृत्ति है। अशक्त अभिप्रेरणा के कारण छात्र विषय की ओर अधिक अधिक जानने के लिए उत्सुक रहेगा और वह अपनी भूमिका में कभी मन विचलित नहीं रह सकेगा। सीखने के प्रभावशाली उपायों के रुप में प्रत्यक्ष क्रियात्मक विधि का प्रयोग करना, रुचिकर अभिवृत्ति का होना, विषय वस्तु की ओर भावात्मक लगाव होना, परिवेश के प्रति सजग रहना और परिवेश में रुचि पैदा करना आदि कारणों से सीखना अधिक प्रभावशाली उपक्रम बन जाता है। छात्र को यदि आन्तरिक और बाह्यरुप से किसी प्रकार की प्रेरणा नहीं होगी, तो छात्र विषयवस्तु की ओर कभी भी आकर्षित नहीं रह सकेगा। सीखने के लिए जिस प्रकार के अनुकूल वातावरण की आवश्यकता है, यदि वह वातावरण छात्र के अनुकूल न हो छात्र की मनःस्थिति निरुत्साह से परिपूर्ण हो जायेगी। छात्र का उद्देश्य सीखने की ओर अधिक होना चाहिए, क्योंकि सीखने की प्रक्रिया ही ज्ञानार्जन की केन्द्र वस्तु है। शिक्षक का भी यह दायित्व है कि विद्यार्थी अपनी सीखने की प्रवृत्ति को अधिक से अधिक रुचिकर बनाने का प्रयास करे।

संदर्भ

1. वर्डस्वर्थ की परिभाषा, शिक्षा मनोविज्ञान, पृ. 281.
2. गेट्स और अन्य, सीखने की विशेषताएं, पृ. 299.
3. स्टीफेन्स, अभिप्रेरणा, पृ. 350–351.
4. थार्नडाइट, सीखने के सिद्धांत, एज्यूकेशनल फिलासॉफी, सन् 1913.

*****

ISSN NO: 2454-5643
NIMAR EDUCATIONAL REVIEW INTERNATIONAL
VOLUME - 04 ISSUE – 4 Jan-Jun 2017

चरित्र की अवधारणा

अनूप कुमार कुरील

शोध सारांश

चरित्र की अवधारणा की दृष्टि से विद्वानों में मतभेद है। प्रत्येक जीवन पद्धति की अपनी–अपनी निर्धारित शैली है, जो अनेक बातों पर निर्भर है। विशिष्ट समूह के द्वारा निर्धारित किये गये आचरणों पर चरित्र की अवधारणा आधारित है। केवल इतनी ही बात नहीं है। आचरण की धारणा और समय–समय पर बदलती रहती है। वह सार्वकालिक और सार्वभौमिक सत्य नहीं हो सकती, इसलिए समय के परिवर्तन के आधार पर आचरण के नियम भी निर्धारित होते है।

इसी कारण सेमुअल स्माइल ने चरित्र की परिभाषा में कहा है कि 'चरित्र, आदतों का पुंज है।'[1] जो परम्परा से प्रचलित आदत है उसी का सामूहिक पूंज चरित्र है। चरित्र के शाब्दिक अर्थ के रूप में व्यवहार, आदत, चाल चलन, अभ्यास, कृत्य, कर्म इसके अर्थ है।[2]

चरित्र में, विशेष रूप से बालकों के चरित्र में संकल्प शक्ति निहित होती है।

अंग्रेजी के शिक्षा मनोविज्ञान के पुस्तक में 'चरित्र, आत्मनियंत्रण की शक्ति है।'[3] चरित्र, पूर्णतया प्रशिक्षित इच्छा शक्ति है।[4] अन्त में उमबिल लिखता है कि– चरित्र इन सब प्रवृत्तियों का योग है, जो एक व्यक्ति में होती है।[5] इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि कोई भी चरित्र के अर्थ की पूर्ण व्याख्या नहीं करती है।

अतः चरित्र एक परिपूर्ण और स्थायी परिभाषा नहीं की जा सकती। यह एक गतिशील धारणा है। यह व्यक्ति के दृष्टिकोण पर निर्भर है। चरित्र वस्तुतः अर्जित प्रवृत्तियों का पूर्ण योग है।

अच्छे चरित्र के लक्षण

बाउले और अन्य चिन्तकों ने अच्छे चरित्र की परिकल्पना की है। उसमें आत्मनियंत्रण, अविश्वसनीयता, कार्य में दृढ़ता, अन्तःकरण की शुद्धता और उत्तरदायित्व की भावना अच्छे चरित्र के रूप में की गई है।

व्यक्ति को अपने विचारों, व्यवहारों, इच्छाओं और भावनाओं पर अधिकार होना चाहिए। व्यक्ति की परिस्थिति, प्रसंग आदि का सर्वांगीण विचार करने ही उसे अपने व्यवहार को निर्धारित करना चाहिए।

आमतौर पर सभी के प्रति सहज विश्वास रखना चाहिए। हमेशा व्यक्ति को सन्देहास्पद मानना उचित नहीं होता और न ही हमेशा सकारात्मक विचार यदि है, तो उसे जबरन नकारात्मक दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए। क्षणिक विचार या सनक के आधार पर व्यक्ति का निर्धारण नहीं किया जाना चाहिए।

अक्सर यदि विचार सही है, और किसी के प्रति हानिकारक नहीं है, तो उसे अपने विचारों पर

प्राचार्य, दाताहरी पब्लिक (हा.सेकेण्डरी), स्कूल,कुक्षी, जिला धार (म.प्र.), prince9893752247@gmail.com

दृढ़ रहना चाहिए। व्यक्ति को अपने सही कर्मों के प्रति निष्ठावान् रहना चाहिए। अच्छे चरित्र का व्यक्ति कर्म, वचन और व्यवहार में छल–कपट की आवश्यकता नहीं होती। अतः करण की शुद्धता स्वयं के लिए और अपने परिवेश के संदर्भ में ही लाभप्रद होती है। मनोविश्लेषणों ने अच्छे चरित्र के निर्माण के कारण निम्नानुसार माने है–

चरित्र निर्माण में मूल प्रवृत्तियाँ महत्वपूर्ण है। उसी के कारण व्यक्ति पद, शक्ति, समाज प्राप्ति के लिए संघर्ष करता है। स्थायी गुण के रूप में मूल प्रवृत्तियों के साथ संवेगों का घनिष्ठ संबंध है। प्रत्येक व्यक्ति अपनी आदतों के अनुसार व्यवहार करता है। यदि व्यक्ति में अच्छी आदते हो तो वह उत्तम चरित्र का माना जाता है। अच्छी आदतों के लिए सत्संगति का बड़ा महत्व है। यदि व्यक्ति अच्छे सदाचारी व्यक्ति के सम्पर्क में रहेगा तो उसमें भी अच्छे गुणों का प्रवेश होगा। कर्ण एक महान धनुर्धारी था। बहुत से अच्छे गुण उसमें थे, किन्तु दुर्योधन के सानिध्य के कारण कर्ण में कुछ चारित्रिक दोष पैदा हो गये जो उसके विनाश का कारण बने।

चरित्र के निर्माण में स्थायी भाव–का महत्व है। व्यक्ति का मत अच्छी भावनाओं से युक्त होना चाहिए। उदाहरण के लिए उसमें परोपकार की भावना होनी चाहिए। वह संकट के समय अपने मित्र की मदद करें। दूसरों के प्रति उसके मन में सहानुभूति का भाव हो। व्यक्ति को कभी भी आत्म सम्मान का ध्यान रखना चाहिए। व्यक्ति को यदि अपने प्रति सम्मान का भाव हो, तो व्यक्ति कभी भी मन, वचन और क्रिया के द्वारा अशोभनीय बात की चर्चा नहीं करेगा।

चरित्र निर्माण करने वाले कारक के अन्तर्गत 'इच्छा शक्ति' होती है, वही अपने निर्णयों पर स्थिर रहता है, अपने विचारों पर उसका अधिकार होता है। इस कारण इच्छा शक्ति नकारात्मक नहीं होनी चाहिए। इसी प्रकार किसी भी प्रकार से इच्छाशक्ति विकार युक्त नहीं होनी चाहिए।

सब से अधिक प्रभावित करने वाली विशेषता वंशानुक्रम है। व्यक्ति में मूलतः जन्मजात कुछ न कुछ विशेषता हो जरूरी है। एक साथ जुड़वा बच्चों में भी देखा गया है कि एक बालक जन्म जात बुद्धिमान है, जबकि उसका सहजात जुड़वा भाई कम बुद्धिमान है, इसलिए व्यक्ति के जन्मजात गुणों से भी उसके चरित्र का निर्माण होता है।

बालक जब वयस्क होने की अवस्था में होता है, तब उसके लिए आस पास परिवेश भी अनुकूल होना चाहिए। व्यक्ति के आस पास का सामाजिक वातावरण बालक के मन के अनुकूल होना चाहिए। इस बालक के आस पास के लोक स्वस्थ मनोवृत्ति के और सकारात्मक विचारधाराओं वाले होने चाहिए। विद्यालय में पढ़ने वाले सहपाठी अच्छे विचारों के होने चाहिए। सामाजिक रहन–सहन, रीति–रिवाज ऐसे होने चाहिए कि बालक पर उसका सकारात्मक प्रभाव होना चाहिए। जिस वातावरण में बच्चे के विकास की प्रक्रिया जारी रहती है, उस पर अपने परिवेश के अनुकूल प्रभाव के कारण ही बच्चा सही विचारवाला बनता है।

अन्त में व्यक्ति की मानसिक शक्ति अच्छी होनी चाहिए। व्यक्ति के स्वभाव पर भी चरित्र निर्माण निर्भर है। धीर, गंभीर और शांत संयत स्वभाव वाला व्यक्ति कठिन से कठिन स्थिति में बिना विचलित

हुए सही मार्ग का निर्धारण करने में सक्षम होता है। इसलिए रॉस (Ross) ने कहा है कि 'स्वभाव की जन्मजात विभिन्नताएँ, वे ईंटे है, जिनके द्वारा चरित्र का निर्माण किया जाता है।'[6]

चरित्र निर्माण की दिशा में उचित शिक्षा का कार्य महत्वपूर्ण होता है। बालक को नियमित पढ़ाया जाना चाहिए। योग्य शिक्षक इसके लिए जिम्मेदार होते है। बचपन में शिक्षक ने यदि शिक्षा देने के कार्य में परिश्रम, धैर्य, सहानुभूति आदि बातों की ओर ध्यान नहीं दिया तो बच्चा अध्ययन में कमजोर हो जाता है। प्रारंभिक कक्षाओं में उदाहरण के लिए शिक्षक ने गणिक की ओर विशेष ध्यान नहीं दिया। संभवतः वे स्वयं गणित में कमजोर रहे होंगे– परिणामतः उनके अधीन शिक्षकों के प्रभाव से बहुत से विद्यार्थी 'गणित' में कमजोर रह गये और वे आगे चलकर भी गणित में निष्णात नहीं हो सके।

एक कुशल अध्यापक वह है जो बालक के अन्दर झाँक सकता है और उसको अपने आप में ऐसे आदर्श की अनुभूति करा सकता है, जो उसके अन्दर से विकसित हुआ हो तथा जिससे जीवन में प्रेरणा ग्रहण करके वह एक उत्तम मानव बन सके। अध्यापक को चाहिए कि वह बालकों को जीवन का अर्थ समझाए। जीवन के रहस्यों को जानने योग्य शिक्षक को होना चाहिए, जिससे वह बातचीत के द्वारा और दूसरी विधियों को अपना कर बालकों के अच्छे और बूरे प्रकार के जीवन की ओर उचित दृ ष्टिकोण अपनाने में सहयोग दे सके।

इसलिए अध्यापक को अपने पाठ्यक्रम से भली भाँति परिचित होना चाहिए। हॉर्न महोदय ने पाठ्यक्रम के संबंध में कहा है कि– 'पाठ्यक्रम एक अनुभवों का बण्डल है, जिनमें एक व्यक्ति की अभिरुचि, योग्यताओं तथा आवश्यकताओं का समुचित ध्यान रखना जाता है।' इसलिए पाठ्यक्रम उद्देश्यों से प्रेरित होना चाहिए।[7]

कुछ शिक्षाशास्त्री मानते है कि बालक को भविष्य के लिए कुशल बनाना शिक्षा का कार्य है। बालक किशोरावस्था में जिस मनोरम और काल्पनिक संसार में रहता है। उससे आगे बढ़ाकर उन्हें यथार्थ और कटु भूमि पर लाने का कार्य शिक्षा करती है। बालक को प्रौढ़ जीवन के उत्तरदायित्वों और विशेष अधिकारों को निभाने योग्य बनाना शिक्षा का आवश्यक कृत्य है।

शिक्षा के माध्यम से बालक में सामाजिक भावना को जगाना भी शिक्षा का एक प्रमुख उद्देश्य है, ताकि बालक के मन में सामाजिक रूप से उत्पन्न किया जा सके, समाज के आदर्शों, नियमों, परिपाटियों, आशाओं, विचारों व भावों को स्थायी बना कर जीवित रखा जा सके। शिक्षा के द्वारा व्यक्ति अपनी संस्कृति और उसकी सांस्कृतिक परम्परा की रक्षा करना भी सीखता है। उसके साथ ही केवल सांस्कृतिक परम्पराओं का अनुरक्षण ही आवश्यक नहीं है, अपितु उसम संशोधन, परिवर्तन और परिवर्धन भी आवश्यक होता है, क्योंकि कोई भी परम्परा सार्वकालिक नहीं होतीं। उसमें परिवर्तन आवश्यक है। प्राचीनकाल में वैदिक देवताओं का अति महत्व था। बाद में विभिन्न अवतारों की परिकल्पना की गई। सगुण भक्ति के साथ निर्गुण भक्ति की अवधारणा प्रकट हुई।

इस प्रकार व्यक्ति में परिवर्तन होना स्वाभाविक प्रक्रिया है। कुल मिलाकर बालक के व्यक्तित्व का आदर किया जाना चाहिए। साथ ही छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी उत्पन्न करना जरूरी है। अन्यथा बालक के विकास में कमियाँ उत्पन्न हो सकती है। छात्र का दृष्टिकोण सर्वांगीण होना जरूरी है।

विद्यालय में चरित्र निर्माण के लिए निम्नांकित योगदान की आवश्यकता होती है–

बालकों में अच्छे विचार और सदिच्छाओं को जागृत करना, नैतिक गुणों का विकास करना, बालकों में प्रेम, दया, सहानुभूति जैसी मानवीय संवेदनाओं को जगाना, भय, घृणा, क्रोध जैसी नकारात्मक भावनाओं को छात्रों से दूर रखना, सामाजिक क्रियाओं में सहयोग देना तथा उच्च आदर्शों और सिद्धान्तों की प्रेरणा देना और महान व्यक्तित्वों से अवगत करना, जैसी प्रवृत्तियों को आगे बढ़ाना चाहिए।

इसी प्रकार सामुदायिक चरित्र का विकास करना जिसमें राष्ट्रीय हित में चरित्रों को विकास आवश्यक है।

